# स्व. सेठ श्री चम्पालाल सांड स्मृति उच्च प्रशासनिक पुरस्कार

**1 पृष्ठभूमि :**

1.1 – संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी सांड, बैंगलोर ने अपने पूज्य पिताजी श्री चम्पालाल जी सांड की स्मृति में सन् 1988 में स्व. सेठ श्री चम्पालाल जी सांड स्मृति साहित्य पुरस्कार की स्थापना की। संस्थापित पुरस्कार निधि से सन् 1999 तक यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले विविध विद्वानों को प्रदान किया जाता रहा।

1.2 – कुछ अंतराल के पश्चात् सन् 2011 में यह पुरस्कार साहित्य के एवज में उच्च प्रशासनिक सेवाओं में विशेष ख्याति अर्जित कर जैन समाज का गौरव बढाने वाले महानुभावों को दिया जाने लगा।

**2. पुरस्कार हेतु पात्रता :** उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पन्न करने वाले पदाधिकारी को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**3. पुरस्कार का स्वरूप :** चयनित प्रशासनिक अधिकारी को पुरस्कार स्वरूप श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ की ओर से अभिनंदन पत्र, शॉल एवं 1 लाख रूपये की राशि का चैक प्रदान किया जाएगा।

**4. पुरस्कार की आवृत्ति : वार्षिक**

**5. चयन पद्धति :**

5.1 – पुरस्कार विजेता का चयन, तदर्थ गठित चयन समिति द्वारा एवं नियमान्तर्गत किया जाएगा।

5.2 – पुरस्कार समिति का गठन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।